ख. जल संसाधन(भूगोल) 1

अभ्यास प्रश्न(VVI QUESTION BSEB)

लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. बहुउद्देशीय परियोजना से आप क्या समझते हैं?

बहुउद्देशीय परियोजनाएं (Multipurpose Projects) या नदी घाटी परियोजनाएँ (River Valley Projects) उनको कहते हैं जहां नदियों की घाटियो पर बडे-बडे बाँध बनाकर अनेक प्रकार के लाभ प्राप्त किये जाते हैं जैसे ऊर्जा, सिंचाई और पर्यटन स्थलों की सुविधाएं प्राप्त की जातीं हैं।

2.जल संसाधन के क्या उपयोग हैं ? लिखें।

जल संसाधन का उपयोग पेयजल, घरेलु, सिंचाई, उघोग, जन स्वास्थ्य, स्वच्छ जल,

Shamrez classes

Scanned by CamScanner

ख. जल संसाधन(भूगोल) 2

अभ्यास प्रश्न(VVI QUESTION BSEB)

जलविघुत निर्माण, मत्स्य पालन, जलकृषि, पर्यटक विकास, जल-क्रीड़ा, परमाणु संयत्र, शीतलन, औघोगिक क्षेत्रों में इसका उपयोग होता है।

4. जल संकट क्या है?

जल संकट और जल तनाव (water stress) की अवधारणा सरल है: सतत विकास के लिए विश्व व्यापार परिषद (World Business Council for Sustainable Development) के अनुसार यह उन परिस्थितियों पर लागू होता है जहां सभी उपयोगों के लिए पर्याप्त पानी नहीं उपलब्ध है चाहे वे औद्योगिक, कृषि या घरेलू उपयोग हों।

Shamrez classes

Scanned by CamScanner

ख. जल संसाधन(भूगोल) 3

अभ्यास प्रश्न(VVI QUESTION BSEB)

प्रति व्यक्ति (per capita) उपलब्ध जल तनाव को परिभाषित करना जटिल है, तथापि यह धारणा है कि जब प्रति व्यक्ति वार्षिक अक्षय मीठे पानी की उपलब्धता 1700 घनमीटर से कम हो, तो देश अल्पावधिक या नियमित रूप से पानी तनाव का अनुभव करने लगते हैं। १,००० घन मीटर से कम जल उपलब्धता आर्थिक विकास और मानव स्वास्थ्य और समृद्धि में बाधा डालती है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. जल संरक्षण से आप क्या समझते हैं इसके क्या उपाय हैं क्या उपाय हैं

जल संरक्षण का अर्थ है जल के प्रयोग को

Shamrez classes

Scanned by CamScanner

ख. जल संसाधन(भूगोल) 4

अभ्यास प्रश्न(VVI QUESTION BSEB)

घटाना एवं सफाई, निर्माण एवं कृषि आदि के लिए अवशिष्ट जल का पुनःचक्रण (रिसाइक्लिंग) करना।

जल संरक्षण के निम्नलिखित उपाय हैं-

1. हर नागरिक में जल संरक्षण हेतु जागरूकता लानी होगी।

2. हर नागरिक शावर की जगह बाल्टी में पानी भरकर स्नान करें।

3. सेविंग करते समय नल बंद रखें।

4. बर्तन धुलते समय नल के स्थान पर टब का प्रयोग करें।

5. उत्तराखंड जल संसाधन के अनुसार, "टॉयलेट में लगी फ्लश की टंकी में प्लास्टिक

Shamrez classes

Scanned by CamScanner

ख. जल संसाधन(भूगोल) 5

अभ्यास प्रश्न(VVI QUESTION BSEB)

की बोतल में पानी भरकर रख देने से हर बार एक लीटर जल बचाया जा सकता है।

6. गंदे जल का सिंचाई में उपयोग करके भी जल संरक्षण किया जा सकता है।

7.वर्षा का जल छत पर संरक्षण कर उसका उपयोग करना। इसलिये छत पर पानी टंकी बनाना होगा।

Shamrez classes

Scanned by CamScanner